35 हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

करौली (नि.स.)। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित जिला स्पेशल पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए 35 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि जिला स्पेशल टीम करौली द्वारा इनामी,वांछित अपराधियों के खिलाफ एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 35 हजार रुपए के इनामी बदमाश डालू उर्फ जगदीश के बाद अब इनामी बदमाश तिमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक जयपुर के द्वारा संगठित अपराधियों, माफियाओं, हार्डकोर अपराधियों कि निगरानी और गिरफ्तारी हेतु कठोर एवं प्रभावित कार्यवाही के आदेश कि पालना में स्वयं के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम प्रभारी धारा सिंह के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए तीन वर्ष से फरार हत्या का प्रयास, डकैती, लूट एवं अपहरण और आर्म्स एक्ट के आरोपी तिमन सिंह पुत्र अमर सिंह गुर्जर निवासी झिरना थाना सदर हिंडौन को सूरौठ थाने के पास गॉव आरेनी कि चामुंडा माता मंदिर के नीचे पीली कि खान से गिरफ्तार कर लिया है उन्होंने बताया कि आरोपी पर करौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय कि ओर से 25 हजार रुपये व पुलिस अधीक्षक भरतपुर कि ओर से 10 हजार रुपये का ईनाम घौषित किया गाया।

जिला कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

भरतपुर (निस)। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सभी विभाग अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन कर समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजन करना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। विभागवार योजनाओं, प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर उन्होंने सभी विभागों को राज्य सरकार की वर्षगांठ के समय 12 दिसम्बर से प्रस्तावित प्रदर्शनी एवं अन्य समारोह में दिये गये दायित्वों के संबंध में निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि 12 दिसम्बर को दौड का आयोजन एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम होगा। जिसमें सरकार की युवाओं के लिये चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र जारी किये जायेंगे, युवानीति एवं कौशलनीति जारी की जायेगी जिसका वीसी से सीधा प्रसारण होगा। उन्होंने कहा कि इसी दिवस जिला प्रभारी मंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जायेगा। जिसमें एक वर्ष की उपलब्धियों के साथ सभी विभाग अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगायेंगे।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया ।

उन्होंने बताया कि जिले के पंच गौरव एक जिला उत्पाद, खेल, उपज, स्थान एवं प्रजाति से संबंधित प्रतियोगिताऐं संबंधित विभाग पूर्व में करवाना सुनिश्चित करेंगे जिनके विजेताओं का सम्मान प्रदर्शनी स्थल पर किया जायेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि 13 दिसम्बर को किसान सम्मेलन में किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं में लाभान्वित किसानों को सहायता प्रदान की जायेगी। इसमें पशुपालन, कृषि, सहकारिता, डेयरी विभाग मिलकर सभी लाभान्वितों को चयनित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन में महिलाओं से संबंधित योजनाओं में लाभान्वितों का चयन कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीसी से जुडते हुये लाभार्थियों को समारोह में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अन्त्योदय सेवा शिविर में इसी दिवस दिव्यांगों को स्कूटी एवं सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे विभिन्न योजनाओं का शुभारम्भ भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री पालनहार योजना के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। जिला कलक्टर ने कहा कि 15 दिसम्बर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रसारण के साथ साथ विभिन्न कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया जायेगा। इसमें सभी विभाग नवीन शुरू होने वाले अथवा पूर्ण हो चुके कार्यों की सूची तैयार कर समय पर भिजवायें। उन्होंने विभागवार विकास कार्यों, बजट घोषणाओं एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर सचिव यूआईटी ऋषभ मंडल, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, एडीएम सिटी राहुल सैनी, घना निदेशक मानस सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

विगनर कोर्स का हुआ आयोजन

करौली (नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में बिगनर कोर्स का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मासलपुर कार्यालय में आयोजित किया गया। शिविर का विधिवत्त शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर मासलपुर इंद्राज मीणा के द्वारा किया गया स्थानीय संघ करौली के सचिव मुकेश सारस्वत ने बताया कि मासलपुर ब्लॉक के समस्त विद्यालयों में स्काउट गाइड कब बुलबुल एवं रोवर,रेंजर की गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु एक दिवस के प्रारंभिक बिगनर कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें 72 संभागीयों ने भाग लिया। संभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ने कहा कि स्काउट सेवा का पर्याय है और बच्चों में देशभक्ति, संस्कार और चरित्र निर्माण के गुण विकसित करने में मदद करता है अत: प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड की गतिविधियों का प्रभावी संचालन हमारी प्राथमिकता है उन्होंने सभी स्काउटर गाइडर का आवाहन किया कि अधिक से अधिक बच्चों को स्काउट गाइड की गतिविधियों से जोड़ें और नो बैग डे के दिन गतिविधियों का संचालन करते हुए रिकॉर्ड का संधारण किया जावे इससे पूर्व ट्रेनिंग काउंसलर राधा मोहन गुर्जर,सुरेश चैबदार, ब्रजकिशोर भारद्वाज,अमृतलाल छाबडा ,दीन दयाल सिंह मने स्काउट रीति से प्रभारी सहायक कमिश्नर और आरपी रविंद्र कुमार रावत का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

सार-समाचार

हिंडौन मे श्याम पाटोत्सव 15 दिसंबर से

हिंडौन सिटी। मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम के स्थापना के एक साल पूरे होने जा रहे है। ऐसे में 15 दिसंबर से प्रथम श्याम पाटोत्सव का आयोजन किया जा रह है। जिसकी तैयारियों को लेकर रविवार देर शाम काका पैलेस में बैठक हुई। जिसमें कंबलवाल बगीची से निकलने वाली निशान व कलश यात्रा को लेकर चर्चा हुई।बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई। श्री श्याम मंदिर सेवा धाम ट्रस्ट अध्यक्ष वेद वृत संघई ने बताया कि कलश और निशान यात्रा में 2100 महिलाएं शामिल होंगी। इसके यात्रा मार्ग पर स्वागत द्वार लगेंगे। कस्बे के व्यापारिक, सामाजिक संगठन और व्यक्तिगत स्वागत द्वार लगाए जाएंगे। इसी के साथ प्रधान कलश और निशान की बोली लगाई गई।कार्यक्रम के तहत वृंदावन के रासलीला मंडली द्वारा 16, 17 और 18 दिसंबर को रासलीला की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक में काफी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए। 19 दिसंबर को श्याम भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है।

एबीवीपी के छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हिंडौन सिटी। राजकीय कॉलेज में लाइब्रेरी समय पर खोलने, पेयजल व्यवस्था और साफ सफाई की मांग की गई। जिसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्र इकाई ने प्राचार्य पप्पू लाल को ज्ञापन दिया। एबीवीपी के सौरभ चौधरी और रोहित सिंह के नेतृत्व में छात्रों ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से कॉलेज में लाइब्रेरी को समय पर खोलने, लाइब्रेरी में पुस्तकों को उपलब्ध कराने, स्वच्छ व पीने योग्य पानी की व्यवस्था, सभी शौचालयों की नियमित सफाई कराने की मुख्य मांग रखी गई। इसी के साथ कॉलेज के खेल मैदान की सफाई कराने, सभी कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करने की मांग की गई। मांगों को पांच दिन में पूरा नहीं होने पर विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ज्ञापन पर प्राचार्य ने आवश्यक कार्रवाई को लेकर आश्वासन भी दिया। ज्ञापन देने वालों में एबीवीपी सौरभ चौधरी, रोहित सिंह, शांतनु, भानु शर्मा, साक्षी गुर्जर, संजना, सिमलेश, रचना सहित अनेक छात्र मौजूद रहे।

जागरूकता शिविर गुरूवार को

गंगापुर सिटी । दक्ष प्रजापति विकास समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में गुरुवार को सैनी मैरिज गार्डन, ईदगाह मोड मे श्रीयादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार की टीम द्वारा मिट्टी के बर्तनों के कारीगरों के लिए एक जागरूकता शिविर दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर में दक्ष कारीगरों के इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूदने की मशीन तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए फार्म भरवाए जाएंगे। दक्ष प्रजापति विकास समिति गंगापुर सिटी के अध्यक्ष रवि प्रजापत, उपाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापत ने बताया कि गंगापुर सिटी परिक्षेत्र शहरी तथा ग्रामीण में जो भी समाज बंधु मिट्टी के बर्तन बनाने में दक्ष हो वह अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधार कार्ड, एक फोटो साथ लेकर शिविर में आवश्यक रूप से उपस्थित हो जिससे भविष्य में आपको राज्य सरकार की विभिन्न परियोजना का लाभ प्राप्त हो सके । शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) प्रहलाद राय टांक अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

गंगापुर सिटी । पीएम श्री केंद्रीय स्कूल में स्थानीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रिंसिपल एसएन मीना ने पुस्तकालय में फीता काटकर किया। बाल विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के कक्षा छठवीं से बारहवीं के बाल वैज्ञानिकों ने वर्षा जल संरक्षण, खान-पान में साफ सफाई, यातायात और जनसंपर्क, प्राकृतिक कृषि, आपदा प्रबंधन गणितीय गणना, वेस्ट मैनेजमेंट और संसाधन प्रबंधन आदि विषयों पर अन्वेषणात्मक परियोजनाओं का निर्माण कर प्रदर्शनी में सहभागिता की और अपने अन्वेषण से सभी को अवगत कराया। बाल विज्ञान प्रदर्शनी का स्कूल के कक्षा पहली से बारहवीं तक के स्टूडेंट्स ने अवलोकन कर लुत्फ उठाया। निर्णायक दल के अनुसार प्रथम स्थान पर प्रिंस शर्मा, द्वितीय स्थान पर रजत महर और तृतीय स्थान पर प्रतीक रजवानियां और सोमेंद्र मीना संयुक्त रूप से विजेता रहे। प्रिंसिपल ने सभी प्रतिभागियों, विजेताओं और निर्देशकों संदीप बंसल, भारत भूषण मीणा और सोनिया पांडे की प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया। अब ये बाल वैज्ञानिक संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में सवाई माधोपुर में सहभागिता करेंगे।

विधायक को सौपा ज्ञापन

करौली (नि.स.)। राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिऐशन के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि एक तरफ जहां प्रदेश में मौसमी बीमारियों का कहर है वहीं दूसरी तरफ आज महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ति सरकार द्वारा कर दी गई है जिससे सैकडो कि संख्या में कर्मचारी बेरोजगार हो गये है सोमवार को सेवा बहाली कि मांग को लेकर सपोटरा विधायक हंसराज बालोती को ज्ञापन सौपा और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सेवा बहाली कि मांग कि है ज्ञापन के दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूनम जांगिड,हेमलता शर्मा,विपिन,सरिता,अंशु जादौन आदि मौजूद रही।

हलैना विद्यालय में परखा शिक्षा का स्तर

भरतपुर (निस)। शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर रहे जहॉ उन्होंने विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षक की भांति शैक्षिणक स्तर को परखकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया तथा शिक्षा अधिकारियों को गुणवत्ता में सुधार कर परिसर में साफ सफाई संसाधनों की उपलब्धता आदि के संबंध में निर्देश प्रदान किये। शासन सचिव ने जिले के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हलैना का आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्थाओं व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर शैक्षिणक गुणवत्ता की जांच की। विद्यालय प्रशासन को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये शैक्षिणक स्तर को बेहतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की लेखनी में सुधार के साथ परीक्षाओं की अभी से तैयारियों के लिये प्रयोगशाला सहायक को अधिकाधिक प्रायोगिक कार्य कराये जाने को कहा जिससे कि विद्यार्थियों की प्रायोगिक जानकारी अधिक हो सके। उन्होंने कहा कि कक्षावार शैक्षिणक स्तर से कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनके लिये विशेष कक्षाऐं चलाकर सुधार के प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित सीधा संवाद के साथ अभिभावकों से भी निरन्तर सम्पर्क में रहकर शैक्षिणक सुधार के लिये कार्य करने के निर्देश दिये। शिक्षा सचिव ने विद्यालय स्टाफ एवं शिक्षा अधिकारियों को विद्यालय मैदान की साफ सफाई करवाकर मैदान समतल करवाने व अनावश्यक घास व झाडियों को कटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के शौचालय एवं पानी की उपलब्धता की समीक्षा कर मौका निरीक्षण किया तथा शौचालय की नियमित साफ सफाई रखने एवं पानी की टंकी में पानी उपलब्धता हेतु विशेष निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पेयजल की टंकी की नियमित सफाई सुनिश्चित करें जिससे विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मधु भार्गव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वैर, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

लवानिया का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। ज्योतिषाचार्य एवं साइंटिफिक वास्तु विशेषज्ञ डॉ कृष्णकांत लवानिया ने भरतपुर स्थित अपने कार्यालय पर जयशंकर टाईगर जूडो कराते क्लब के खिलाड़ियों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं ओम नम: शिवाय का महत्व बताते हुए कहा कि ओम नम: शिवाय मंत्र आपके अहंकार और शत्रुओं को शांत करता है, यह आपको सही रास्ता दिखाता है और आपके मन से चिंता को कम करता है। टाईगर क्लब के उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने डॉ लवानिया का पटका एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर भरतपुर की प्रथम महिला ब्लैक बेल्ट एवं नेशनल कराटे चौंपियन नेहा शर्मा ने क्लब के प्रशिक्षणार्थियों को उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दी, विशेषकर बेटियों के लिए मौजूदा हालात में आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु विशेषज्ञ डॉ कृष्णकांत लवानिया ने भरतपुर के लिटिल टाईगर्स संभाग के सबसे कम उम्र के ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी ऐश्वर्य शर्मा एवं राम्या शर्मा की हौसला अफजाई की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं भी दी।

व्यापार संघर्ष समिति की मीटिंग आयोजित

भरतपुर (निस)। व्यापार संघर्ष समिति की मीटिंग संघर्ष समिति के संयोजक सत्यदेव आर्य एवं समिति सचिव पूर्व उप महापौर इन्द्रपाल सिंह पाले की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शहर के आम व्यापारियों ने भाग लिया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए संघर्ष समिति के संयोजक सत्यदेव आर्य ने कहा कि भरतपुर के व्यापारियों की हालत खराब है क्योंकि वह दो व्यापार संघों की लडाई में फुटवाल बने हुए हैं।

अभियान के अंतर्गत छात्रों को किया प्रेरित

करौली(नि.स.)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर जिला प्रशासन,नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 27 नबम्वर को किया है। जिसके तहत समुदाय स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम एवं लिंग भेदभाव को रोकना है। यह अभियान 10 दिसम्बर तक चलाया जायेगा जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवक नेहरू लाल द्वारा छात्रों को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी एवं बाल विवाह होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07464-251335 पर सूचना देकर बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक ने बताया है कि जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा जिले में बाल संरक्षण मुद्दों के साथ बाल विवाह रोकथाम के संदेश को लेकर अब तक जिलें में 20240 लोगों तक पहुंच बनाई गई। और बाल विवाह के खिलाफ 5710 लोगों से संकल्प पत्र भरवाये गये।

सीडीईओ को कार्य में लापरवाही पर चार्जशीट देने के निर्देश

करौली (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि आईजीओटी मिशन के तहत कर्मयोगी पोर्टल पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शत प्रतिशत पंजीकरण करवाकर अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं अपने अधीनस्थ विभागों, कार्यालयों में सभी पदस्थापित अधिकारी व कर्मचारीयों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को आईएफए सीरप स्कूलों में छात्र-छात्राओं को समय पर वितरण नही करने एवं पोर्टल पर अपलोड नही करने पर 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश भी दिये।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने,मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को रबी कि फसल को देखते हुए सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, नगरपरिषद आयुक्त को शहर में नियमित साफ-सफाई करवाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 से 15 दिसम्बर तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, सीएमएचओ डॉ. दिनेश मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, कोषाधिकारी भरतलाल मीना, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे

जिला अभिभाषक संघ का चुनाव कार्यक्रम घोषित

करौली(नि.स.)। जिला अभिभाषक संघ करौली के वर्ष 2024-25 के कार्यकाल हेतु अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद के लिये चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला वार एसोसिए'ान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट नगेन्द्र व्यास ने बताया कि अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद के लिए 13 दिसम्वर को मतदान होगा जिसका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उन्होने बताया कि 13 नबम्वर को मतदान दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक होगा। आगामी 5 से 7 दिसम्वर को दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक नामांकन हेतु आवेदन जमा किये जायेंगे एवं 9 दिसम्वर को प्रात 11:00 से 12:00 बजे तक आवेदनों कि जांच होगी एवं इसी दिन दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तक नाम वापिसी होगी।

राजस्थानी घूमर सीजन की तैयारिया जोरों पर

गंगापुर सिटी । राजस्थानी घूमर सीजन-4 में भाग लेने के लिए सर्व समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं में जोश को देखते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढा दी गई है। अब 7 दिसंबर तक महिलाएं एवं बालिकाएं रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। कार्यक्रम में ग्रुप डांस का समय 4 मिनट का दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन और प्रवेश निशुल्क रहेगा। संस्थान की जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुसुम गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिन महिलाओं के संतानों में तीन बेटी या तीन बेटियों से अधिक है, उनको बेटी अनमोल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति ने अगर घायल अवस्था में किसी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया है, आग, पानी, आदि दुर्घटनाओं से बचाया है, उनको वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दानदाता भामाशाहों को पक्षी सेवा सहयोगी सम्मान व सीमेंट बेंच सहयोगकर्ता सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। महामंत्री रजनी गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष सीमा गुप्ता ने बताया कि संस्थान के प्रेरणादायक एवं सामाजिक श्रेष्ठ कार्यों को देखते हुए नए महिला सदस्य जुड रही है, उन सभी का मंच पर सम्मान किया जाएगा। सभी पत्रकार बंधुओ का भी इस कार्यक्रम में मंच पर सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक मंत्री अंजली दुबे एवं ममता सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में फूड जॉन की व्यवस्था रहेगी जिसमें विभिन्न लजीज व्यंजनों की खाने की स्टॉल उपलब्ध रहेगी। मंत्री रेनू मित्तल एवं प्रचार मंत्री मंजूलता मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम में सभी से प्रश्नोत्तरी पूछी जाएगी और लकी ड्रा भी निकाले जायेंगे, जिसमें विजेताओं आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम तैयारी बैठक में रजनी गुप्ता, सीमा गुप्ता, प्रभा सागर, प्रेम कालरा, प्रतिभा अग्रवाल, महादेवी बेरबा, जया शर्मा, पुष्पा बंसल, नीलम जैन, मीनू अग्रवाल, मुक्ता गुप्ता, राधा गर्ग, रेनुका शर्मा आदि महिलाएं उपस्थित रही।

अंतिम तिथि 31 जनवरी

करौली (नि.स.)। संयुक्त शासन सचिव वित्त पेंशन विभाग धनलाल शेरावत ने एक आदेश जारी कर बताया है कि पेंशनर्स को ऑनलाईन पेंशन पोर्टल, ई मित्र, बायोमैट्रिक विधि, पोस्ट ऑफिस, बैंक के माध्यम से राजस्थान के विभिन्न कोषालयों, उप कोषालयों एवं पेंशन कार्यालयों में राजपत्रित अधिकारी से हस्ताक्षिरत करवाकर जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने एवं इसके अतिरिक्त सहायक कर्मचारी को छोडकर सेवारत अधिकारी,कर्मचारी द्वारा अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से पोर्टल पर जीवित प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कि अवधि को 31 जनवरी 2025 तक बढाया गया है।

राकेश इंटरनैशनल सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब इंटरनैशनल प्रांत 3233 ई 1 के प्रांत पाल लायन सुनील अरोड़ा की अनुशंसा पर लायंस क्लब भरतपुर डायमंड के चार्टर सदस्य, कुशल मंच संचालक, पास्ट रीजन चेयरपर्सन लायन राकेश गुप्ता को इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉ पेटी हिल द्वारा उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए इंटरनैशनल प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया है। उन्हें यह पुरस्कार एक समारोह में सहायक प्रांत पाल रामकुमार गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार रीजन एडमिंस्ट्रेटर प्रेम पाल सिंह जोन चेयरमैन डॉ जनक बाबू शर्मा ने प्रदान किया। इस अवसर क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार, संस्थापक अध्यक्ष मोहन लाल माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव उपेन्द्र कुमार, लायन सतीश मित्तल, योगेश गोयल, के अलावा विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी एवं केबिनेट सदस्य उपस्थिति रहे। क्लब अध्यक्ष सुरेश कुमार सुनार ने बताया कि लायन राकेश गुप्ता पिछले 20 वर्षो से लायनवाद से जुडे रहकर ज़रुरत मंदो की सेवा के अनकट कार्य करते आ रहे हैं। कोरोना काल में उन्होंने ज़रुरत मन्दो को घर घर जाकर दवाइयां, मास्क, सैनिटाइजर, भोजन आदि वितरित किए। वो अब तक लगभग 150 से अधिक कार्यक्रमों का कुशल मंच संचालन कर चुके हैं, विभिन्न मेडिकल कैंप, रक्त जांच शिविर, फूड फॉर हंगर, आदि कार्यक्रमो के संयोजक रह चुके हैं।

भरतपुर के लोगों में हर्ष की लहर

भरतपुर (निस)। विकास को लेकर स्थानीय निवासियों की उम्मीद अब जाकर पूरी हुई है। राज्य के बजट में भरतपुर को विकास प्राधिकरण मिलने की बात कही गई थी। शनिवार को जयपुर में हुई कैबिनेट की बैठक में इस पर फैसला हो गया है। जिसके बाद भरतपुर के लोगों में हर्ष की लहर है। लोगों ने इस फैसले को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार प्रकट किया है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से अब भरतपुर के विकास को तेज गति मिलेगी। केबिनेट बैठक में भरतपुर विकास प्राधिकरण को मंजूरी दे दी गई है।

इस बारे में डीग कुम्हेर विधायक डॉ शैलेष सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का भरतपुर के विकास को लेकर जो विजन है। उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने भरतपुर विकास प्राधिकरण का तोहफा भरतपुर के निवासियों को दिया है। भरतपुर में पर्यटन, रोजगार, कर्मशिला भवन सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारी विकास होगा। जिससे भरतपुर की तस्वीर बदलेगी। भरतपुर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास के वर्तमान क्षेत्र के साथ-साथ 209 गांव शामिल किए जाएंगे। इसके गठन के लिए भरतपुर विकास प्राधिकरण अध्यादेश लाया जाएगा। बीडीए बन जाने के बाद भरतपुर में यूआईटी खत्म हो जाएगी और शहर के विकास का सारा जिम्मा बीडीए ले लेगा। बीडीए में चेयरमैन नगरीय विकास मिनिस्टर होता है और प्राधिकरण की जिम्मेदारी आयुक्त की होती है, जो आईएएस होता है। विकास प्राधिकरण बन जाने के बाद भरतपुर के चारों ओर से 20-22 किलोमीटर का एरिया बीडीए में आ जाएगा, इसकी वजह से विकास को पंख लगेंगे। साथ ही लोगों को रोजगार के नए अवसर मुहैया होंगे। शहर के बाहर के क्षेत्र बीडीए के तहत आ जाने से नए आवासीय और व्यापारिक क्षेत्रों का विकास होगा। अभी यूआईटी का बजट सिर्फ 200 करोड़ रुपए का है, लेकिन बीडीए बन जाने से तकरीबन एक हजार करोड़ रुपए का बजट भरतपुर को मिलने लगेगा। शहर के लोगों ने बीडीए की घोषणा का दिल खोल कर स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि बीडीए बन जाने से हमारा शहर स्मार्ट सिटी की ओर कदम बढाएगा। वहीं रोजगार के नए आयाम शुरू होंगे। फिलहाल नगर सुधार न्यास में अब तक 53 गांव आ रहे थे, अब 209 गांव बीडीए बनने के बाद जुड़ जाएंगे। इससे काफी हद तक दायरा बढ जाएगा। सारस से ऊंचा नगला, भरतपुर से बाबूला, उच्चैन वाले रोड पर सेवर से थोड़ा आगे तक, सौंख-गोवर्धन रोड पर स्थित टोंटपुर तक का एरिया बीडीए में शामिल होगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक ने बताया कि भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के बाद माना जा रहा था कि भरतपुर विकास प्राधिकरण की घोषणा हो सकती है।

पशु परिचर भर्ती परीक्षा के चलते बस स्टैण्ड पर बस यात्रियों का सैलाब

भरतपुर (निस)। पशु परिचर भर्ती परीक्षा के चलते बस स्टैण्ड पर बस यात्रियों का हूजूम उमडा दिखाई दिया। परीक्षार्थियों की भीड के चलते हालात ऐसे थे कि जैसे ही कोई बस बस स्टैण्ड पर आती चंद मिनटों में ही खचाखच भर जाती। परीक्षार्थियों की भीड के चलते आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा। आम यात्रियों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पडा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा 1 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक जिला मुख्यालय पर आयोजित की जा रही है। जिसमें

- **परीक्षार्थियों की भीड के चलते हालात ऐसे थे कि जैसे ही कोई बस बस स्टैण्ड पर आती चंद मिनटों में ही खचाखच भर जाती**
- **परीक्षार्थियों की भीड के चलते आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा**

पशु परिचर भर्ती परीक्षा के चलते बस स्टैण्ड पर बस यात्रियों का हूजूम उमडा दिखाई दिया।

प्रतिदिन करीब 25 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पंहुच रहे हैं। ऐसे में अन्य जिलों से आने वाले परीक्षार्थी बसों से अपना आवागमन कर रहे हैं।

इन परीक्षार्थियों की भीड के चलते हालत यह है कि बस स्टैण्ड पर आने वाली बस चंद मिनटों में ही खचाखच भर रही है। हालत यह है कि परीक्षार्थी बसों में प्रवेश के लिए बस की खिडकियों से ही प्रवेश करने की जुगत लगाते हैं। परीक्षार्थी बसों के खिडकियों में से ही बस के अंदर बैठ जाते हैं। वहीं अन्य परीक्षार्थी बस के द्वार पर जमा हो जाते है और भारी भरकम प्रयास कर सीट पाने का प्रयास करते है। जिनकी संख्या देखकर अपने गंतव्यों पर जाने वाला आम यात्री सहमा हुआ नजर आ रहा है। इन यात्रियों के पास इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं है। यहां तक कि बस में प्रवेश करने की होड के चलते हो रही मशक्कत में महिला परीक्षार्थियों के पास भी अपनी बारी का इंतजार करने के सिवा कोई चारा नहीं बचता। हालांकि यात्री भार के चलते रोडवेज प्रबंधन के द्वारा कुछ बसों को अन्य रूट से हटाकर परीक्षार्थियों को सुलभ यात्रा देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन परीक्षार्थियों की भीड के चलते प्रयास कम पडता दिखाई दे रहा है।